ये गले लगाएगा | By Abhishek Lohiya

जो हार को जाओगे ये गले लगाएगा
हारे का साथी है सदा साथ निभाएगा

जिसे जग ने ठुकराया उसे श्याम ने अपनाया
कभी खाली ना मोड़े कभी आस ना ये तोड़े
जो आंसू बहाओगे ये पल में पिघल जाएगा
जो हार को जाओगे ये गले लगाएगा

सारे दुःख पल में हरेगा, ये अँधेरे दूर करेगा
ये इतना देगा तुझको संभाले नहीं संभलेगा
खुशियों से ये दामन तेरा छोटा पड़ जाएगा
जो हार को जाओगे ये गले लगाएगा

कभी तुम ये अहम् ना करना तुम प्रीत सभी से करना
प्रेमी ही श्याम को भाते ये भक्त के वश हो जाते
वो भाव का भूखा श्याम झट दौड़ा आएगा
जो हार को जाओगे ये गले लगाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-abhishek-lohiya/